हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 28 अप्रैल 2025

04 तेल की आड़ में बड़ा खेल, गणेश ऑयल मिल सील



07 नदी को बचाने जुटे श्रमदानी, कदवाल नदी में अफसरों...





## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 10 मई को

**सागर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में 10 मई को जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में निम्नदाव श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी।

### नगर मंडल कार्यालय में मन की बात सुनी

**सागर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 121वे प्रसारण को सागर नगर मंडल के बूथ क्रमांक 159 पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, ने मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया एवं बूथ समिती सदस्यों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस अवसर पर बालकृष्ण सोनी, नितिन सोनी, राजकुमार टोंटे, अंशुल हर्षे, धर्मेंद्र रजक, राजकुमार जैन, गोपी पंथी, शिवा यादव, संकल्प जैन, आनंद घोषी, चंचल विश्वकर्मा, चेतन ताम्रकार, आदर्श मिश्रा, सोनू यादव सहित बूथ के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम 2 मई को

**सागर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में 02 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन जिला, नगरीय निकाय तथा ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार, लाड़ली लक्ष्मी उत्सव प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, लाड़ली बालिकाएँ एवं उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष एवं सदस्य बालिकाओं की विशेष उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में लाड़ली बालिकाओं द्वारा स्वागत भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। अपराजिता मार्शल आर्ट्स का विशेष प्रदर्शन होगा। उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं का सम्मान किया जाएगा। लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। लाड़ली क्लब की सदस्य बालिकाएँ अपने अनुभव साझा करेंगी। प्रतिभावान बालिकाओं द्वारा गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रस्तुति होगी। जनप्रतिनिधियों और बालिकाओं द्वारा लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में एक-एक पौधा रोपा जाएगा।

### मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आयोजन 28-29 अप्रैल को

**सागर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिले में मिलेट्स मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला 2025 का आयोजन 28 एवं 29 अप्रैल को प्रातः 10 महाकवि पदमाकर सभागार मोतीनगर में आयोजित किया जाएगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में मिलेट्स मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला का आयोजन किया जा रहा है। फेस्टिवल की अध्यक्षता सागर सांसद लता वानखेड़े एवं दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रहली विधायक गोपाल भार्गव, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, बीना विधायक निर्मला सप्रे, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, देवरी विधायक ब्रजविहारी पटैरिया, सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, बण्डा विधायक वीरेन्द्र सिंह, महापौर संगीता सुशील तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत शामिल होंगे।

---

**पार्टी हाईकमान की बगैर अनुमति के महापौर परिषद में बदलाव किया**

# महापौर संगीता सुशील तिवारी को भाजपा ने दिया कारण बताओ नोटिस, तीन दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्य प्रदेश के नगर निगम सागर की महापौर संगीता तिवारी को बीजेपी संगठन ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मेयर ने महापौर परिषद (मेम्बर इन काउंसिल) के दो सदस्यों को हटाकर अन्य पार्षदों को नियुक्त किया है। इस मामले की पार्टी हाईकमान में शिकायत की गई। इस मामले में सागर में बीजेपी की गुटबाजी भी उभरकर सामने आई है। महापौर संगीता तिवारी के पति सुशील तिवारी और विधायक शैलेंद्र जैन के बीच लगातार मतभेद बढ़े है। उधर सागर जिले की बीना नगरपालिका में अध्यक्ष द्वारा गठित प्रेसीडेंट इन काउंसिल भी विवाद में आ गई। जिसके मामले में नपा अध्यक्ष लता सकवार ने इसे भंग करने और पार्टी पदाधिकारियों की सहमति से गठन करने की बात पार्टी हाईकमान के समक्ष कही।

### तीन दिन में मांगा जवाब

प्रदेश महामंत्री और प्रभारी भगवानदास सबनानी ने प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के निर्देश पर महापौर संगीता सुशील तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। महापौर को प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के लिए 3 दिन का समय दिया गया है, वरना उनके खिलाफ अनुशासनहीनता की कार्यवाही की जाएगी।



नोटिस के अनुसार आपके द्वारा नगर निगम सागर में महापौर परिषद के सदस्यों का परिवर्तन पार्टी प्रदेश नेतृत्व के बगैर अनुमति के किया गया है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा आपको 26 अप्रैल, 2025 को प्रदेश कार्यालय बुलाया गया था। आपके द्वारा महापौर परिषद का पुर्नगठन बिना प्रदेश नेतृत्व की अनुमति के करना अनुशासहीनता के दायरे में आता है, साथ ही प्रदेश नेतृत्व द्वारा बुलाये जाने पर आपका उपस्थित न होना भी अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। अतः पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के अंदर स्वयं उपस्थित होकर प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष स्पष्टीकरण देवें कि, क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनहीनता की कार्यवाही की जावे।

इस मामले में महापौर संगीता सुशील तिवारी ने बताया कि मैं फिलहाल पारवारिक कारणों से प्रदेश से बाहर हूं। यह विषय हमारे भाजपा परिवार और संगठन का विषय है। इस विषय में मुझे जो भी कहना है अपने पार्टी परिवार के समक्ष ही रखूंगी। अन्य फोरम पर कुछ नहीं कहना।

नगर निगम सागर में महापौर संगीता तिवारी ने पिछले दिनों पार्षद आशारानी जैन के स्थान पर सचेतक शैलेंद्र ठाकुर को महापौर परिषद का सदस्य नियुक्त किया था। इसके पहले पार्षद शैलेश केसरवानी को बदला था।

### बीना में बनेगी नई अध्यक्ष परिषद

सागर जिले में बीना नगरपालिका में भी प्रेसीडेंट इन काउंसिल के गठन पर विवाद चल रहा है। इस मामले में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी के साथ अध्यक्ष लता सकवार ने पार्टी हाईकमान के सामने पक्ष रखा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बीना नपा में नई कौंसिल का गठन होगा। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं की सहमति से गठन होगा।

---

# पहलगाम मामले में कैंडल मार्च निकाल कर दी मौन श्रद्धांजलि,पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किए नरसंहार से पूरा देश आक्रोशित है। देशभर में लोग अलग-अलग तरीकों से विरोध जता रहे हैं, भारत सरकार से पहलगाम के हमले का बदला लेने की मांग कर रहे हैं। सागर जिले के गढ़ाकोटा में मुख्य बस स्टैंड पर शनिवार कि शाम भाजपा नेता अभिषेक भार्गव के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकलकर मौन श्रद्धांजली दी। जिसमें हाजी अनवर खान, बसंत यादव, शहर मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष नासिर खान, वरूण सोनी ने इन आतंकवादीयो के खिलाफ सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की। कैंडल मार्च बड़े पुल स्थित सेल्फी प्वाइंट के पास डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी कि मूर्ति पर कैंडल लगाकर समाप्त हुआ।



भाजपा नेता अभिषेक भार्गव ने कहा आतंकवाद के खिलाफ सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए और दोषियों को सजा दिलानी चाहिए। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों को सजा दिलाई जाए। रहली विधानसभा का हर युवा मोदी जी के साथ है। आतंकवाद के खिलाफ युवाओं की एकजुटता ने दिखाया कि देश के लोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं और देश की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने को तैयार हैं।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा और देश की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। आतंकवाद के खिलाफ युवाओं की एकजुटता ने दिखाया कि देश के लोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं और देश की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने को तैयार हैं। इस अवसर पर नगरपालिका पार्षदगण, मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

### 5 दिवसीय लीडरशिप प्रशिक्षण का हुआ समापन

**सागर।** स्टार्स प्रोजेक्ट अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापको के लिए राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर सीमेट भोपाल द्वारा निर्मित माड्यूल शाला प्रबंधन एवं नेतृत्व विकास का 5 दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण स्वीडिश मिशन स्कूल ईएलसी में संपन्न हुआ। जिसमें सागर विकासखण्ड के 161 प्रधानाध्यापको को 10 मास्टर्स ट्रेनर द्वारा लीडरशिप एवं शाला प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। बीआरसी अनिरुद्ध डिम्हा एवं प्रशिक्षण प्रभारी राघवेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि शासन की मंशानुसार प्राथमिक शालाओं के प्रभारी को शाला प्रबंधन नेतृत्व क्षमता विकसित करने यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक रखा गया। प्रशिक्षण समाप्ति उपरांत पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई थी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर चन्द्रहास श्रीवास्तव के स्कूल आधारित बदलाव के लिए के लिए अगली पीढ़ी की लीडरशिप तैयार करने के माड्यूलस की सभी ने सराहना की।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर चंद्रहास श्रीवास्तव, पूरनलाल सेन, नीरज मिश्रा, अभिषेक दांगी, मनोज कुमार, सुनील कुमार जैन, राजकुमारी अहिरवार उपस्थित रहे।

### युवा संगम का आयोजन आज

**सागर।** युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 28 अप्रैल प्रातः 11 बजे से को शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान (आई.टी. आईद सागर के परिसर में किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसषिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदको कों साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र अपने साथ आवष्यक रूप से लाये।



### अमर शहीद कालीचरण तिवारी की प्रतिमा की छत्र छाया में संपन्न हुआ कांग्रेस परिवार का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम

**सागर।** देश में व्याप्त आतंकवाद के खिलाफ क्रोध की भावना के बीच अमर शहीद कालीचरण तिवारी जी की प्रतिमा पर कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम भारतीय सेना की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त हवलदार मेजर राजकुमार वर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी एड. अंकलेश्वर दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन शहर और ग्रामीण सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव के आह्वान पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पहलगाम में निर्दोष मासूमों की आतंकी हमले में मारे गये आम जनों और सेना के जवानों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि राजकुमार वर्मा ने इस मौके पर कहा कि मैं सेवादल का शुक्रगुजार हूं कि इस पवित्र कार्य के लिये मुझे आमंत्रित किया जो आदर सम्मान सेवादल ने मुझे दिया ये मुझे जीवन भर याद रहेगा। जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष डा अंकलेश्वर दुबे ने कहा कि वर्तमान में संपूर्ण देश में पहलगाम हमले के कारण क्रोध व्याप्त है और पूरा देश एक सुर में भारत सरकार के साथ है। आतंकवादियों पर ऐसी कार्यवाही हो कि पहलगाम इस देश की आखिरी घटना हो। अंत में सेवादल परिवार ने एनएसयूआई के प्रदेश सचिव चक्रेश रोहित के पिताजी और वरिष्ठ कांग्रेसी धर्मेंद्र चौधरी की माताजी के निधन उपरांत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जितेन्द्र रोहण, प्रेमनारायण विश्वकर्मा,पार्षद शिवशंकर यादव, रिचा सिंह, शरद पुरोहित, दीनदयाल तिवारी, नितिन पचौरी, कल्लू पटेल, आनंद हेला, सुमित तिवारी, चंद्रहास सोनी, रवि जैन, अंकुर यादव, अमर श्रीवास्तव, लल्ला यादव, गोपीलाल यादव, रामशंकर सेन, जमील खान, अनिल दक्ष, अर्पित अहिरवार, विनोद जाटव, अनिल जाटव, संतोष जाटव, अमन जैन, मयंक तिवारी, कान्हा तिवारी, अंकुर साहू, राजा तिवारी, समर्थ दुबे, रानू तिवारी आदि उपस्थित रहे।



### योग वेदांत सेवा समिति महिला मंडल ने ज्ञापन सौपा

**सागर** । 2036 में होने वाले अहमदाबाद में ओलंपिक खेल उत्सव के लिए वहां पर बिल्डिंग बनाने के लिए जमीन की आवश्यकता है । इसलिए उन्होंने आसपास के तीन आश्रमों को तोड़ने का निर्णय लिया। जिसमें अहमदाबाद साबरमती मोटेरा में स्थित संत आसाराम बापू आश्रम को तोड़ने का सरकार द्वारा 5 दिनों में खाली करने के नोटिस के विरोध में योग वेदांत सेवा समिति महिला उत्थान मंडल युवा सेवा संघ सागर नगर के समस्त साधक भाई बहनों के साथ लालराम मेठवानी, थावरदास आर्य, मनीष नेमा, नेहा लालवानी, माधुरी पोपटानी द्वारा प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल को सागर की सांसद को ज्ञापन सोपा गया । और समस्त साधक भाई बहनों ने अपनी व्यथा बताते हुए यह बताया मोटेरा स्थित आश्रम जो अखिल भारतीय योगदान सेवा समिति का मुख्यालय है जिसके द्वारा 450 आश्रमों का 11000 बाल संस्कार केदो का 13000 योगदान सेवा समिति का संचालन होता है। समय-समय पर विद्यार्थी उत्थान शिविर आने वाले समय में 12 से 18 तारीख में युवा मोन अनुष्ठान शिविर का आयोजन होना है। जिसमें सभी साधक भाई दुनिया की आपाधापी से दूर एकांत में जाकर साधना करते हैं और भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रयासरत अग्रसर रहते हैं । वह सिर्फ आश्रम ही नहीं बल्कि वहां पर परम पूज्य गुरुदेव की माताजी महिमा माता का समाधि स्थल है। हमारे परम पूज्य गुरुदेव के गुरुदेव हमारे दादा गुरु संत श्री लीला शाह जी की समाधि स्थल है। भोलेनाथ का मंदिर है । पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से कई औषधि पौधे पीपल नीम तुलसी बन है, वह सिर्फ आश्रम नहीं बल्कि भारत की आध्यात्मिक शक्ति पर्यावरणी शक्ति भारत की संस्कृति का जीता जागता उदाहरण है। जिसमें सांसद ने आश्वासन दिया कि आपकी शिकायत को हम आगे पहुंचाएंगे और जो होगा हम आपकी मदद करेंगे।



**सागर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने निकाला मशाल जुलूस। इसमें विहिप जिला अध्यक्ष अजय दुबे, पार्षद शैलेन्द्र ठाकुर, हिन्दू समिति के डा उमेश सराफ सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए और सख्त कार्रवाई की मांग की

### आई ट्रिपल सी से होगी खरीदी उपार्जन केंद्रों की मॉनिटरिंग : कलेक्टर संदीप जी आर

**सागर।** कलेक्टर ने आदेश दिया कि जिला उपार्जन बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार जिले में गेहूँ उपार्जन केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से उपार्जन कार्य की सतत मॉनीटरिंग जिला मुख्यालय सागर से स्मार्टसिटी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल कमांड सेन्टर से होगी । जिला आपूर्ति नियंत्रक को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों की मॉनीटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। अनिल शर्मा ई-गर्वेनेश एवं प्रभारी कंट्रोल कमांड सेन्टर को निर्देशित किया कि कंट्रोल कमांड सेन्टर से मॉनीट्ररिंग हेतु जिला आपूर्ति नियंत्रक सागर से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करावे । सभी केन्द्रों पर प्रतिदिवस मॉनीटूरिंग के दौरान यह सुनिश्चित होवे कि, अन्य राज्यों से गेहूँ, उपार्जन केन्द्रों पर न लाया जा रहा हो, उपार्जन केन्द्रों पर अव्यवस्था होने पर तत्काल संबंधित अधिकारी को अवगत कराये एवं स्व सहायता समूहों द्वारा संचालित केन्द्र पर समूह में महिला द्वारा उपार्जन केन्द्र का संचालन किया जाना रहा हो। कमांड सेन्टर में उक्त कार्य में लगाये गये कर्मचारी जिला आपूर्ति नियंत्रक खाद्य विभाग सागर को अपनी दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति और पर्यावरण के प्रति प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता : श्याम तिवारी

**सागर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 121वें एपिसोड को संबोधित किया।कार्यक्रम को भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं ने आमजनों के साथ संगठनात्मक सागर जिले के सभी 1271 बूथों पर सुना। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने खुरई विधानसभा में बांदरी मंडल के बूथ क्रमांक 239 पर बूथ अध्यक्ष हरिराम पाल, मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर एवं बूथ समिती सदस्यों, कार्यकर्ता व आमजनों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के पूर्व पहलगाम में आंतकी हमले में दिवंगत जनों के लिए दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। कार्यक्रम उपरांत जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पार्टी सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व जिला वासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप सागर एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागी बनते हुए एक पेड़ लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति और पर्यावरण के प्रति प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का परिचय है। इस अभियान में अब तक 140 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए गए हैं जो निश्चित रूप से देश के खुशहाली और समृद्धि के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि संगठनात्मक सागर जिले के सभी 1271 बूथों पर पार्टी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम को सुना गया है । मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सागर निवास पर, प्रदेश मंत्री प्रभु दयाल पटेल ने सदर मंडल के बूथ क्रमांक 110, सांसद लता वानखेड़े ने मकरोनिया मंडल के बूथ क्रमांक 166,पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह ने बामोरा सागर स्थित निवास पर,कार्यक्रम विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने भीमराव अम्बेडकर मंडल के बूथ क्रमांक 184 विधायक प्रदीप लारिया ने सदर मंडल के बूथ क्रमांक 189 विधायक निर्मला सप्रे ने बीना में बूथ क्रमांक 129 पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कार्यालय नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने नगर मंडल के बूथ क्रमांक 159 पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने बीना ग्रामीण मंडल के बूथ क्रमांक 75 पर मन की बात कार्यक्रम को सुना।

---

**डॉ. श्याम मनोहर सिरोठिया के नौ काव्य संग्रहों का किया विमोचन**

# डॉ सिरोठिया न केवल तन से बल्कि मन से भी लोगों को स्वस्थ रखने का प्रयास कर रहे हैं : शैलेंद्र जैन विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

साहित्यिक संस्था श्यामलम एवं गवेषणा द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार गीत ऋषि डा श्याम मनोहर सिरोठिया के नौ काव्य संग्रहों का विमोचन समारोह सिविल लाइन स्थित वरदान होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र कुमार जैन थे अध्यक्षता डा श्याम मनोहर सिरोठिया ने की, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डा खेमसिंह देहरिया, डा अजय तिवारी, वरिष्ठ साहित्यकार बृजेश त्रिवेदी, सुश्री शरद सिंह, डा लक्ष्मी पांडे, उपस्थित थे। कार्यक्रम में डा सिरोठिया की नौ कृतियां अधरों पर मुस्कान साहित्यकारों ने डा सिरोठिया का पुष्प माला शॉल और श्री फल से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि डा सिरोठिया जी ने 1.5 वर्ष में 9 पुस्तके लिखी है यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। लोग अपने जीवन काल में 9 पुस्तके पढ़ भी नहीं पाते हैं। जब उनके पैर में फ्रैक्चर हुआ तो उस समय का सदुपयोग उन्होंने अपनी काव्य रचना में बिताया हमारे लिए उदाहरण है। उन्होंने कहा कि डॉ सिरोठिया व्यक्ति को तन से और मन से दोनों तरह से स्वस्थ करने का कार्य कर रहे हैं एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने लोगों को तन से स्वस्थ किया और एक साहित्यकार के रूप में वह लोगों को मन से भी स्वस्थ कर रहे हैं । कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरला सिरोठिया, श्यामलम के अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा, सुकदेव प्रसाद तिवारी, हरगोविंद विश्व, प्रो व्यास, कैलाश देवलिया,डा सुखदेव वाजपई, डा नीना गिडियन, चंचला दवे, रमाकांत मिश्रा, गजाधर सागर, आर के तिवारी, कपिल बैसाखिया, के के सिलाकारी, जी एल दुबे, उषा वर्मन, डा नन्होरिया उपस्थित थे।



# तेल की आड़ में बड़ा खेल, गणेश ऑयल मिल सील

## आग ने खोले राज, टीकमगढ़ की तेल फैक्ट्री में गड़बड़ी उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के ढोंगा रोड स्थित गणेश ऑयल मिल में भीषण अग्निकांड के बाद शनिवार को प्रशासन की टीम ने दोबारा गहन जांच की। तहसीलदार अरविंद यादव, खाद्य अधिकारी और नापतोल विभाग की संयुक्त टीम ने मिल का निरीक्षण कर कई अनियमितताओं का खुलासा किया।

जांच के दौरान टीम को फैक्ट्री परिसर में बड़े पैमाने पर सरसों का स्टॉक और विभिन्न ब्रांड के तेल टिन पर चिपके स्टिकर मिले। व्यापारी द्वारा पहले केवल 'गणेश ब्रांड' के नाम से पैकिंग करने का दावा किया गया था, लेकिन हकीकत इससे काफी अलग निकली।

**माल का लेखा-जोखा अधूरा**

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि व्यापारी गोदाम में रखे माल के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। कच्चे तेल और तैयार माल के स्टॉक का ब्योरा अधूरा मिला, जिससे मिल के संचालन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। खाद्य विभाग ने मौके से तेल के नमूने एकत्र कर परीक्षण के लिए भेजे हैं।



**तेल मिल को किया गया सील**

तेज गर्मी और भीषण अग्निकांड के बाद फैक्ट्री परिसर में स्थिति गंभीर बनी हुई थी। इसी बीच एसडीएम के आदेश पर गणेश ऑयल मिल को सील कर दिया गया। व्यापारी को तेल मिल की सफाई और व्यवस्था सुधारने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। इसके बाद प्रशासन द्वारा आगे की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कलेक्टर के निर्देश पर होगी बड़ी कार्रवाई**

जिला कलेक्टर और एसडीएम ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि मामले में यदि खाद्य सुरक्षा मानकों, नापतोल नियमों या अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो व्यापारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही फैक्ट्री संचालन की पूरी प्रक्रिया की जांच कर रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी।

प्रशासन की सतर्कता बढ़ी, व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर नजरघटना के बाद से प्रशासन जिले के अन्य ऑयल मिल और खाद्य पदार्थों के प्रतिष्ठानों पर भी नजर रखे हुए है। अधिकारियों ने इशारा किया है कि आने वाले दिनों में और भी छापे पड़ सकते हैं और अनियमित गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## रिश्तेदारी में आई युवती ने फांसी लगाकर दी जान



**टीकमगढ़** । कोतवाली थाना क्षेत्रकोतवाली थाना क्षेत्र के मोटे के मुहल्ले में रविवार को एक युवती का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। मृतका जतारा निवासी बताई जा रही है, जो रिश्तेदारी में अपनी बुआ के यहां आई हुई थी।जानकारी के अनुसार, युवती अनवर शाह के किराए के मकान में ठहरी थी। सुबह के समय जब काफी देर तक कमरे से कोई हलचल नहीं हुई तो परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा, जहां युवती फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।इस दुखद घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

## खबर संक्षेप



### विहिप व बजरंग दल ने किया आतंकवाद का पुतला दहन

**टीकमगढ़**। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नेतृत्व में रविवार को नगरवासियों के साथ इस्लामिक आतंकवाद के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। बस स्टैंड से बम्होरी तिगैला तक पैदल मार्च निकालते हुए कार्यकर्ताओं ने देशविरोधी गतिविधियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। इसके उपरांत इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन कर आतंकियों को कठोर दंड देने की मांग उठाई गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बाली रैकवार, बजरंग दल के प्रखंड संयोजक कमलेश चौरसिया, शिवम असाटी, राहुल चौरसिया और रत्नेश असाटी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। विशेष बात यह रही कि कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल हुए और एक स्वर में आतंकवाद की निंदा करते हुए एकता का संदेश दिया।
बजरंग दल के बाली रैकवार ने कहा कि देश के शत्रु जो निर्दोषों का खून बहाते हैं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ पहले भी कड़े कदम उठाए हैं, अब दोषियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए जो आने वाले समय में नजीर बने। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने भी कहा कि पहलगाम आतंकी घटना अत्यंत निंदनीय है।
हम समस्त मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और मांग करते हैं कि सरकार दोषियों को कठोर दंड दे। हिंदू-मुस्लिम समाज एकजुट है और देश की एकता-अखंडता के साथ खड़ा है। कार्यक्रम के दौरान बल्देवगढ़ पुलिस बल पूरी सतर्कता के साथ मौजूद रहा, जिससे शांति और व्यवस्था बनी रही। नगरवासियों ने इस आयोजन के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का सशक्त संदेश दिया।



### पुलिस को मिला नया संबलः एक वर्ष में खड़ा होगा नवीन कंट्रोल रूम

**टीकमगढ़**। टीकमगढ़ पुलिस को मिला नया संबलः एक वर्ष में खड़ा होगा अत्याधुनिक कंट्रोल रूमटीकमगढ़।रविवार शाम पुलिस लाइन परिसर में भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने नए पुलिस कंट्रोल रूम के निर्माण की शुरुआत की। इस कंट्रोल रूम का निर्माण 1.75 करोड़ रुपए की लागत से होगा और इसे एक वर्ष में तैयार कर लिया जाएगा।नए कंट्रोल रूम में न केवल पुलिस विभागीय बैठकें, बल्कि आम नागरिकों से संवाद के लिए भी एक विशाल कॉन्फ्रेंस रूम होगा।कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। साथ ही, डॉ. वीरेंद्र कुमार ने दिशा लर्निंग सेंटर का दौरा कर प्रतियोगी परीक्षा में सफलता पाने वाले छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, विवेक चतुर्वेदी, अरविंद खटीक, राजकुमार यादव, राजू व्यास, एसडीओपी राहुल कटरे, आरआई विशाल मालवीय मौजूद रहे।

## जिस पानी में कभी धोते थे दाल वहां आखिर कैसे बहने लगा गंदा पानी, जनांदोलन से निकलेगा हल

# समस्या की जड़... जलसंकट का राज छुपा नहर को नाला कहने की सोच में

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

पिछले कई वर्षो से शहर के सभी 27 वार्ड एक भीषण जल संकट को झेल रहें है। इस जलसंकट को दूर करने के लिए शासन व प्रशासन द्वारा शासकीय राशि को पानी की तरह खर्च किया गया, पानी की टंकियां व पाईप लाइन बिछाने जैसे कई विकास कार्य किये गए। जनप्रतिनिधियों ने कई तरीके से प्रयास किये, लेकिन स्थिति जस की तस है। आखिर क्यों...?





इस यक्ष प्रश्न का जवाब किसी ने भी खोजने का प्रयास नहीं किया। लेकिन अब जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने उक्त यक्ष प्रश्न का सरलता से ऐसा जबाब ढूंढ़कर दिया है कि अगर इस जबाब को आधार बनाकर शहरवासियो द्वारा एक जन आंदोलन रूप में प्रशासन का सहयोग करते हुये कार्य किया जाये तो शहर को कभी भी जलसंकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। क्योकि उक्त कार्य में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय व नपा सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया जैसे अधिकारी प्रशासनिक सहयोग रूप में कार्य शुरू कर चुके हैं। कलेक्टर श्रोत्रिय तो शहर के तालाबों व घाटो की ऐसी तपती धूप में स्वयं अपने हाथों से भी सफाई करते हुये अक्सर दिखाई दे रहें हैं। लेकिन उक्त कार्य की स्थाई सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका तो शहर की जनता को ही निभाना होगी। अब आगे पढ़िए जलसंकट से निपटने के असरदार लेकिन सरल उपाय।

**जलपयोगी किला नहर कैसे बनी नाला..?**

किले के समीप स्थित बंडा नाला को कई वर्षो पूर्व नहर बोला जाता था। ज़ब तक इसे नहर बोला जाता रहा तब तक ये सुरक्षित रही। यह राजशाही दौर में शहरवासियो के लिए जलपयोगी नहर के रूप में उपयोग होती थी। जिसको लेकर स्थानीय बुजुर्ग रहवासियों ने बताया कि इस नहर में इतना शुद्ध पानी वहता था कि इसमें हमारे घर की महिलाये दाल धोती थी। लेकिन फिर समय और मानसिकता बदली जिससे नहर का नामकरण धीरे धीरे वंडा नाला के रूप में परिवर्तित हो गया। आज इसमें गंदा पानी वहता है। अगर इस नहर को नाला कहने की मानसिकता को बदल कर शहरवासी नहर मानकर सुरक्षित कर लें तो फायदा होगा।

**बंडा नहर थी शहर के अन्य जलश्रोतों की लाइफलाइन**

बंडा नहर पूर्व में शहर के चारो ओर स्थित मुख्य 4 तालाबों को भरने की लाइफलाइन थी लेकिन लोगो की मानसिकता और लापरवाही के चलते ये लाइफलाइन खत्म होने से शहर पर जलसंकट की आपदा आ गई। इस नहर की बजह से कई कुंओ सहित भूजल स्तर भी संतुलित रहता था लेकिन अब उक्त संरचना रसातल में समा गई। जिसने संकट पैदा कर दिया। लेकिन

**जलसंरक्षण संरचना के प्रति हो शहरवासी जागरूक**

टीकमगढ़ शहर में राजशाही दौर में बनाई गई । जलसंरक्षण संरचना के तहत शहर के अधिकांश कोनो व हिस्सों में तालाब, कुंआ, वावड़ी है। जिसमे आज भी पानी की मजबूत झिरें मौजूद हैं। लेकिन उक्त जलश्रोतों को लापरवाही, अतिक्रमण व उदासीनता के चलते या तो कूड़ाघर बना दिया गया। या फिर उसको समाप्त कर दिया। लेकिन कलेक्टर श्रोत्रिय व नपा सीएमओ भदौरिया द्वारा उक्त प्राचीन जलश्रोतों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा जा रहा है। लेकिन पुनर्जीवित होने के बाद सहेजने की स्थाई जिम्मेदारी तों शहरवासियो को ही उठानी होगी।

**कुंए का पानी साफ और भरा रहने का प्राचीन राज**

नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने एक बार चर्चा के दौरान बताया था कि प्राचीन समय में कुंए में वाल्टी से पानी खींचा जाता था। जिससे कुंए का पानी स्थिर न रहकर चलायमान रहता था अर्थात पानी में हलचल रहती थी। इसके अलावा कुंए से पानी भरने की बजह से पानी चलायमान रहने से कुंए की झिरें जिन्दा बनी रहती थी क्योकि ज़ब कुंए में पानी कम होता तों झिरों से पुनः पानी आने लगता था। साथ ही कुंए से पानी भरने से ब्यक्ति स्वस्थ भी रहता था। जिससे उसे सुबह घूमने या योगा करने की जरूरत नहीं पड़ती थी। लेकिन आज कुंए से पानी भरने की प्रथा खत्म होते ही पानी का चलायमान रहना बंद हो गया। जिससे कुंए की झिरे भी बंद हो गई और पानी भी दूषित हो गया। सीएमओ भदौरिया ने बताया कि कुंए का पानी चलायमान रहना ही कुंए की झिरों व शुद्धता की असल बजह थी।

**प्रशासनिक कार्य में जन आंदोलन सहयोग की जरूरत**

आज शहर के प्राचीन कुंओ में गंदगी का अंबार है। शहर बीच स्थित सैल सागर तालाब अतिक्रमण का शिकार है। शहर की वावड़िया या तों ध्वस्त कर दी गई या जमींदोज होने की कगार पर हैं। इन्ही जलश्रोतों को कलेक्टर श्रोत्रिय व सीएमओ भदौरिया द्वारा पुनर्जीवित किया जा रहा है। इसलिए शहर वासियो के लिए अभी मौका है और प्रशासनिक सहयोग भी है। इसलिए प्रशासन के उक्त कार्य में अगर शहर की जनता जन आंदोलन के रूप में कार्य कर सहयोगी बन जाए और प्रशासन को उक्त कार्य संबंधी समस्याये और उनके हल बताते हुये रास्ता दिखाये तो शहर का जलसंकट सरलता से हमेशा के लिए खत्म हो सकता है।

# टीकमगढ़ पुलिस की सख्ती और संवेदनशीलता

## कानून का संदेश, सुरक्षा का वचन

**टीकमगढ़**। टीकमगढ़। पुलिस का यह अभियान सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ चेतना, साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता और प्रशासनिक दक्षता में सुधार जिले में कानून व्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकेत देता है। जनता और पुलिस के बीच भरोसे की डोर को मजबूत करने के ऐसे प्रयास आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत हैं।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 'बाल विवाह रोकथाम' हेतु कृषक सहयोग संस्थान द्वारा संचालित जागरूकता रथ को रवाना किया गया। रथ के माध्यम से जिले भर में संदेश दिया जा रहा है कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह गैरकानूनी है। कानून का उल्लंघन करने वालों पर



सख्त कार्यवाही की जाएगी। आमजन से बाल विवाह की सूचना तत्काल पुलिस थाने या संबंधित संस्थाओं को देने की अपील की गई है।---साइबर अपराधों के विरुद्ध जंग : थाना-चौकी स्तर पर जागरूकता अभियानपुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में टीकमगढ़ जिले के समस्त थाना और चौकियों में साइबर अपराधों के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रमों में बताया गया कि कैसे डिजिटल अरेस्ट, फेक कॉल्स, फर्जी लोन एप्स और अश्लील वीडियो कॉल से लोग फंसाए जा रहे हैं। आमजन को अनजान ओटीपी, लिंक या कॉल से बचने, और किसी भी ब्लैकमेलिंग की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर देने के लिए जागरूक किया गया।---पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं का निरीक्षण : कार्यों की समीक्षा और सुधार के निर्देशपुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कार्यालय के समस्त कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सभी शाखाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का मूल्यांकन किया गया और शाखा प्रमुखों को कार्यों को सही तरीके से अपडेट रखने के निर्देश दिए गए। कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर मौके पर तत्काल निराकरण भी किया गया, ताकि प्रशासनिक दक्षता में कोई कमी न रहे।

## नल सूखे हैं, टंकियां खाली... जनता अब भी पानी के इंतज़ार में है 27 वार्ड

### एक लाख से ज्यादा लोग, और हर दो दिन बाद मिलती बूंद-बूंद राहत

**टीकमगढ़**। नगर पालिका क्षेत्र में एक लाख से अधिक की आबादी आज भी पानी की विकराल समस्या से जूझ रही है। 27 वार्डों में बीते 15 वर्षों से दो दिन छोड़कर ही नलों में पानी आता है। गर्मी के बढ़ते तेवर के साथ हालात और गंभीर हो रहे हैं। आदिवासी बहुल वार्ड नंबर 1 और 26 में अब भी पाइपलाइन तक नहीं बिछी। यहां के निवासी पुराने हैंडपंपों के भरोसे पानी की तलाश में दिन गुजारने को मजबूर हैं।++सिर्फ टंकियां नहीं बुझा रहीं प्यास++नगर पालिका ने आठ अलग-अलग स्थानों पर पानी की टंकियां तो बनवा दी हैं, पर ये टंकियां भी समस्या का समाधान नहीं बन सकीं। टंकियों तक तो पानी किसी तरह पहुंच रहा है, लेकिन अंतिम उपभोक्ता यानी आम नागरिक अब भी खाली बर्तन लेकर टकटकी लगाए बैठा है। बीच-बीच में बीजेपी और कांग्रेस इस संकट पर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप जरूर करते रहे हैं, लेकिन हकीकत ये है कि शहरवासियों को इससे कोई सरोकार नहीं। उन्हें सिर्फ पानी चाहिए जो आज भी उनकी मुट्ठी से फिसल रहा है।

**राजनीति के आरोपों में उलझा पानी का सपना**

कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला का आरोप है कि प्रदेश सरकार जानबूझकर बान सुजारा बांध और धसान नदी का पानी टीकमगढ़ तक नहीं पहुंचा रही।वहीं भाजपा नेता और नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे का दावा है कि तीन साल पहले ₹अमृत 2.0₹ योजना के तहत 33 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष की लापरवाही के चलते योजना पर काम शुरू नहीं हो सका।गौरतलब है कि अमृत 2.0 योजना को दिसंबर 2022 में औपचारिक मंजूरी मिली थी। आज तक एनीकट की जगह तक तय नहीं हो सकी है, ऐसे में पाइपलाइन का विस्तार और प्लांट निर्माण सपना बनकर रह गया है।



बोले सीएमओ : मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने कहा कि टीकमगढ़ की जल समस्या अब इतिहास बनने वाली है। अमृत 2.0 योजना के तहत चार नई टंकियां, 122 किलोमीटर पाइपलाइन और बरीघाट प्लांट का जीर्णोद्धार होगा। कलेक्टर के नेतृत्व में बरसात के बाद काम युद्ध स्तर पर शुरू होगा, ताकि आने वाले 30 वर्षों तक शहर को निर्बाध जल आपूर्ति मिल सके।
अब वक्त है समाधान का, राजनीति का नहीं।आज जब देश अमृतकाल में प्रवेश कर रहा है, तब एक ऐतिहासिक जिला अपने मूलभूत अधिकार-पानी-के लिए संघर्ष कर रहा है। जनता की उम्मीदें अभी भी टिकी हैं कि शासन और प्रशासन मिलकर जल्द ही कोई ठोस कदम उठाएंगे और टीकमगढ़ को प्यास से मुक्ति दिलाएंगे।

# टीकमगढ़ का इतिहास फिर मुस्कुराएगा, अस्तोन किला हुआ अतिक्रमण मुक्त

## अतीत की धरोहर पर चढ़ा बुलडोजर, अब बनेगा पर्यटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

अस्तोन गांव के ऐतिहासिक किले से अतिक्रमण हटायाकलेक्टर विवेक श्रोतिय के निर्देश पर चला बुलडोजर, आठ अवैध निर्माण ध्वस्त

टीकमगढ़।राजशाही काल के गौरवशाली अतीत की साक्षी अस्तोन गांव स्थित ऐतिहासिक किले को रविवार को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया। जिला प्रशासन ने कलेक्टर विवेक श्रोतिय के आदेश पर तहसीलदार अरविंद यादव के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और नगरपालिका की संयुक्त टीम के साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया।बुलडोजर चला, पुरानी दीवारें फिर दिखीं।





इस अभियान के दौरान जेसीबी मशीनों की मदद से आठ अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। कई स्थानों पर पक्के मकान बनाकर किले के ऐतिहासिक प्रवेश द्वार तक को बंद कर दिया गया था। बुलडोजर के गरजते ही किले की असल पहचान फिर से उभरती नजर आई।पर्यटन विकास की दिशा में बड़ी पहलयह कार्रवाई कलेक्टर विवेक श्रोतिय द्वारा जिले के प्रमुख ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों को संरक्षित व विकसित करने के विशेष अभियान का हिस्सा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि अस्तोन किले को सैलानियों के लिए आकर्षक स्थल के रूप में विकसित किया जाए, जिससे न केवल धरोहर बचे, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी पैदा हों।इन लोगों के अतिक्रमण हटाए गए।

कार्रवाई के दौरान धर्मेंद्र लोधी का बेड़ा, गोपी लोधी के दो गैर-रहवासी कमरे, हर प्रसाद लोधी का बेड़ा, दशरथ कुशवाहा का बेड़ा, रमेश कुशवाहा का बेड़ा, रामेश्वर श्रोत्रीय और राजेंद्र श्रोत्रीय के स्टोर तथा बाबूलाल वीरेंद्र यादव का गैर-रहवासी मकान हटाया गया।

प्रशासन की सख्त चेतावनीप्रशासन ने स्पष्ट किया कि ऐतिहासिक धरोहरों पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर श्रोतिय ने संकेत दिया है कि जिले के अन्य ऐसे स्थलों पर भी शीघ्र ही अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया कि इस अभियान में स्थानीय पुलिस का भी पूर्ण सहयोग रहा और कहीं भी कोई अप्रिय स्थिति नहीं बनने दी गई।

## प्रतापेश्वर पार्क में अंधेरा, व्यवस्था सुधारने की उठी थी मांग

हरिभूमि टीम की पहल पर नपा सीएमओ ने दिया संज्ञान, जल्द होगी प्रकाश व्यवस्था




**टीकमगढ़**। बड़ा तालाब स्थित श्री प्रतापेश्वर महादेव मंदिर के ब्रम्हलीन पुजारी, श्रद्धेय पंडित काशी प्रसाद सिरधर जी की स्मृति में निर्मित पार्क में इन दिनों अंधकार पसरा हुआ है। न पार्क की लाइटें जलती हैं, न शो-लैंप। यह स्थिति न केवल श्रद्धालुओं बल्कि पूरे नगरवासियों के मन को व्यथित कर रही है।रियासत कालीन समय की विरासत और नगर के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक यह स्थल, आज उपेक्षा का शिकार नजर आ रहा है। तत्कालीन नगर पालिका परिषद द्वारा आदरपूर्वक बनाए गए इस स्मृति पार्क में जब रात्रि होते ही अंधेरा छा जाता है, तो जनमानस में स्वाभाविक ही पीड़ा और असंतोष की भावना उठती है।नगर पालिका से समुचित प्रकाश व्यवस्था की मांगस्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं का कहना है कि श्रद्धेय पंडित काशी प्रसाद सिरधर जी न केवल मंदिर के पुजारी थे, बल्कि टीकमगढ़ की धार्मिक और सामाजिक चेतना का भी प्रमुख स्तंभ रहे हैं। ऐसे महान आत्मा की स्मृति में बनाए गए स्थल की उचित देखभाल नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ का नैतिक दायित्व बनता है। नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से अपील की है कि पार्क में शीघ्र प्रकाश व्यवस्था कराई जाए, ताकि श्रद्धा और सम्मान की परंपरा अक्षुण्ण रह सके।हरिभूमि टीम की पहल पर नगर पालिका का संज्ञानइस विषय पर जब 'हरिभूमि' टीम ने नगर पालिका टीकमगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया से बात की, तो उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए कहा,₹यह मामला अब तक मेरे संज्ञान में नहीं था। यदि पार्क में लाइटें नहीं जल रही हैं और अंधेरा है, तो मैं आज ही टीम भेजकर स्थिति दिखवाऊंगा। शीघ्र ही वहां समुचित प्रकाश की व्यवस्था कराई जाएगी।₹सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने यह भी कहा कि नगर में ऐसे सभी महत्वपूर्ण स्थलों की देखरेख और सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता से लिया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि श्रद्धेय पंडित काशी प्रसाद सिरधर स्मृति पार्क की गरिमा को पुनः बहाल करने के लिए जरूरी कार्यवाही जल्द ही की जाएगी।

## लाड़ली बहन योजना में लगातार घट रही महिलाओं की संख्या

# 60 वर्ष की आयु पार होने पर 2 हजार 857 महिलाएं लाडली बहना योजना से हुई बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶श्योपुर

साठ वर्ष तक सरकार की लाड़ली बहना थी, तब हाथ में 1250 रुपए मासिक आते थे। जैसे ही इस उम्र को पार किया, तो वृद्धावस्था पेंशन में 600 रुपए माहवार पा रही हैं। ये ऐसी महिलाओं की कहानी है, जिन्हें सरकारी नियम के चलते लाड़ली बहना योजना से बाहर होना पड़ा है। राज्य शासन की सबसे महत्वपूर्ण लाड़ली बहना योजना में लगातार दूसरे साल 2025 में 60 वर्ष की आयु पार होने पर 1614 महिलाए लाड़ली नहीं रहीं। जबकि वर्ष 2024 में 60 साल की उम्र पार होने के कारण 1243 महिलाएं लाडली बहना योजना से बाहर हुई थी, इस तरह उम्र के बंधन के चलते 2 हजार 857 महिलाएं लाडली बहना योजना से बाहर हो गई है। जिन्हें अब 1250 रुपए मासिक राशि के लाभ से अलग कर दिया गया। केवल अब श्योपुर जिले की 1 लाख 9 हजार 452 महिलाएं ही इस योजना में शेष बताई गई हैं। बताया गया है कि दूसरे वर्ष इस पोर्टल में 60 वर्ष की आयु तथा हितलाभ त्याग करने वाली महिलाओं की संख्या तो है ही, साथ ही योजना में 955 महिलाएं अपात्र तथा 157 महिलाएं मृत होना बताई गई हैं। इसके अलावा समग्र से डिलीट 67 तथा आधार से समग्र का संपर्क टूटने में 43 महिलाएं भी योजना से बाहर हो गई है। इस तरह लाड़ली बहनों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। इसके अलावा 394 महिलाओं ने अपने लाभ का त्याग कर दिया।



### शुरुआत में 1 लाख 13 हजार 926 था पंजीयन धीरे-धीरे हटाए

विधानसभा चुनाव की आचार संहिता नौ अक्टूबर 2023 से पहले लाड़ली बहनों की रजिस्टर्ड संख्या एक लाख 13 हजार 926 बताई गई थी। विभागीय जानकारी के अनुसार अपात्र, साठ वर्ष की आयु, लाभ त्याग, मृत, समग्र से डिलीट नाम हटाए जाने के कारण लाडली बहनों की संख्या कम होती जा रही है। जिसके चलते अब श्योपुर जिले में एक लाख 9 हजार 452 महिलाओं को लाडला बहना योजना का लाभ मिल रहा है।

### शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति

लाड़ली बहना योजना में महिलाओं को हर माह 1250 रुपए मिल रहे हैं। इससे शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिल गई है। सामान की खरीदी-बिक्री से बाजार में नकदी आ रही है। व्यवसायी मान रहे हैं कि डेढ़ साल से लगातार लाड़ली बहना की राशि प्राप्त होने से गरीब महिलाओं की हाथों में क्रय शक्ति आई है। वे खान-पान की चीजों के साथ मनपसंद वस्तुएं खरीदने उत्सुक हुई है।

### इस वजह से कम हुईमहिलाओं की संया

अपात्र महिलाओं की संख्या : 955
लाभ परित्याग करने वाली महिलाएं : 394
मृत महिलाओं की संख्या : 157
समग्र से डिलीट महिलाएं : 67
आधार से समग्र डि-लिंक महिलाएं : 43
60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएं : 2857
कुल पात्र महिलाएं :4473

## 30 लाख की बाउन्ड्रीवाल के लिए भूमिपूजन

# नदी को बचाने जुटे श्रमदानी, कदवाल नदी में अफसरों और जनप्रतिनिधियों ने बहाया पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा सवर्धन अभियान के तहत जिलेभर में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के विभिन्न कार्य संचालित है, इसी क्रम में आज शहर की कदवाल नदी गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर स्वच्छता श्रमदान आयोजित किया गया तथा नदी के गहरीकरण कार्य की शुरूआत की गई। इसी के साथ 30 लाख रूपये लागत की बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन भी संपन्न हुआ।

नगरपालिका परिषद श्योपुर एवं ग्राम पंचायत बगवाज के तत्वाधान में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर कदवाल नदी पर आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुप्तेश्वर मंदिर के घाट पर साफ-सफाई की गई तथा प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर पर भी साफ-सफाई का कार्य किया गया। इसी के साथ नदी के गहरीकरण कार्य की शुरूआत की गई। नदी के आसपास भी श्रमदानियों द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई का कार्य किया गया।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, महेश राठौर, सतीश समाधिया, राजू तोमर, राजबहादुर मारू, साामाजिक कार्यकर्ता अंजना मारवाडी,जय सिंह जादौन, रामअवतार शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी तथा नागरिकगण उपस्थित थे, इसके अलावा एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, सीएमओ राधेरमण यादव, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत विक्रम जाट, उपयंत्री पवन गर्ग, आदित्य चौहान, जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक नीतू गौतम, मातृछाया संस्थान से भास्काराचार्य टकसाली आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुप्तेश्वर महादेव मंदिर की नदी की ओर बाउन्ड्रीवॉल कार्य के लिए विधिवत भूमिपूजन किया गया। मनरेगा एवं 15वे वित्त की राशि से 30 लाख रूपये की लागत से लगभग 200 मीटर लम्बी बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कराया जायेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के नोडल अधिकारी नगरपालिका श्री आदित्य चौहान ने बताया कि गुप्तेश्वर महादेव मंदिर कदवाल नदी पर 28 अप्रैल सोमवार को भी प्रातः 8 बजे से स्वच्छता श्रमदान आयोजित किया गया है।

# नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी व अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते, लोक अदालत 10 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶श्योपुर

प्रदेश में 10 मई 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।



प्री-लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

लोक अदालत में छूट शर्तों के तहत दी जाएगी

आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख रुपये तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 10 मई 2025 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

# मकड़ावदा गांव में 50 हजार के गहनों पर चोरों ने किया हाथ साफ



बड़ौदा थाना क्षेत्र के मकड़ावदा गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। राधेश्याम बेरवा के घर में चोरों ने पीछे की दीवार में सेंध लगाकर प्रवेश किया। वारदात के समय राधेश्याम अपने परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहे थे।चोर घर में घुसे और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए। चोरी किए गए जेवरात की कीमत करीब 50 हजार रुपए है। सुबह जब परिवार जागा तो घर का सामान बिखरा हुआ था और दीवार टूटी मिली।सूचना मिलते ही बड़ौदा थाना प्रभारी सत्यम गुर्जर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के इलाकों में चोरों की तलाश कर रही है। क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं

### भाजपा नेता प्रदीप भट्ट पर लगाए आरोप निराधार साबित हुए

गुना। विगत दिनो ग्राम बजरंगढ़ में उपडाक घर के लोकापर्ण के कार्यक्रम पधारे गुना विधायक श्री पन्नालाल शाक्य लोकापर्ण के कार्यक्रम के बाद बजरंगगढ़ के मुख्य चौराहा पर ग्राम पंचायत द्वारा रखे गये स्वागत समारोह कार्यक्रम में जनसमस्याओं को सुना इस दौरान प्रधानमंत्री आवास हितग्राही की ओर से उनके भाई शासकीय शिक्षक गुरूदयाल व्यास ने विधायक से भाजपा नेता प्रदीप भट्ट पर अपने भाई का आवास रूकवाने के आरोप लगाये थे। विधायक जी ने भाजपा नेता का पक्ष जाना और भाजपा नेता प्रदीप भट्ट ने बलपूर्वक अपने स्वामित्व की भूमि में सर्वे नं. 361 रकबा 0.115 है. के उत्तरी भाग में जबरन प्रधानमंत्री आवास बनाना बताया गया।

# अब तक 62 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी,87 करोड़ से अधिक का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा के नेतृत्व में श्योपुर जिले में 33 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं खरीदी का कार्य व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। अब तक 62 हजार 669 मैट्रिक टन गेहूं की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद की जा चुकी है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बताया कि अभी तक 62 हजार 669 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी कर ली गई है तथा 87 करोड 35 लाख 94 हजार 306 रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। पंजीकृत किसानों के अनुमान अनुसार जिले में 1 लाख 30 हजार मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी इस उपार्जन वर्ष में होना संभावित है। गेहूं के उठाव एवं भण्डारण के भी पर्याप्त प्रबंध किये गये है तथा तत्काल उठाव की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। लगभग 90 प्रतिशत गेहूं का उठाव सुनिश्चित कर लिया गया है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा खरीद केन्द्रों पर सुगमता से खरीदी के लिए जिला स्तर से भी अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, जिनके द्वारा प्रतिदिन भ्रमण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जा रही है।

सहायक आयुक्त सहकारिता धुरव कुमार झारिया ने बताया कि 33 सोसायटियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा है, उन्होने कहा कि किसानों से गेहूं उपार्जन के समय वास्तविक तौल की जा रही है, मॉइस्चर (नमी) के नाम पर अलग से गेहूं की किसी भी प्रकार मात्रा 700 ग्राम अथवा 500 ग्राम प्रति क्विंटल नही ली जा रही है। सभी समितियों को किसानों से वास्तवित तौल करने के ही निर्देश दिये गये है।

फूड आफिसर सुनील शर्मा ने जानकारी दी कि गेहूं उपार्जन के लिए जिले में लगभग 20 हजार किसानों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन कराये गये है। गेहूं उपार्जन में शासन की ओर से किसानों को यह सुविधा भी दी गई है कि वे अपनी सुविधानुसार नजदीकी सेंटर पर अपना गेहूं विक्रय कर सकें, इसके लिए स्लॉट बुकिंग करा सकते है तथा अपनी इच्छानुसार सेंटर पर गेहूं का विक्रय कर सकते है। उन्होने बताया कि वर्तमान में 8 हजार 255 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई गई है, जिसमें से 4 हजार 887 किसानों से गेहूं की खरीद कर ली गई है, गेहूं उपार्जन का कार्य नियमित रूप से जारी है, गेहूं के उठाव एवं भण्डारण के लिए पर्याप्त संख्या में वाहन लगाये गये है तथा व्यवस्थित और त्वरित रूप से लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य किया जा रहा है।

## खेतों में बचे फसलों को अवशेषों को जलाने पर जुर्माने से उठ रहे सवाल

# पराली जलाने पर फैल रहा प्रदूषण तो क्या घूरा जलाने से वातावरण हो रहा शुद्ध?

हरिभूमि न्यूज:श्योपुर

पराली जलाने से कई तरह के नुकसान होते हैं, पराली जलाने से निकले धुंए का स्वास्थ्य पर विपरीत रूप से असर पड़ता है। पराली जलाने को पर्यावरण के लिए नुकसान दायक मानकर ऐसे किसान जो पराली जलाते है को प्रशासन भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत दंडित कर जुर्माना लगाता है, इस क्रम में बीते सप्ताह बड़ौदा तहसीलदार मनीषा मिश्रा ने करीब आधा सैकड़ा किसानों पर जुर्माना की करवाई भी की है।

धुएं से फैलने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए प्रशासन के इस कदम की चारों ओर प्रशंसा भी हो रही है खास बात यह है कि यह प्रशंसा खुद किसानों द्वारा की जा रही है ज्ञात हो कि पराली जलाने से पड़ोस के खेतों में आग लगने से सैकड़ों क्विंटल गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी है। पराली जलाने को अब किसान खुद अपने लिए आत्मघाती क़दम बता रहे हैं। पर दूसरी ओर शहर से निकले कचरे का निस्तारण जब नपा कर्मी जलाकर करें तो क्या उससे पर्यावरण संरक्षण होता है?, पराली और घूरा जलाने पर प्रशासन का डबल स्टैंडर्ड को लेकर किसान नेता और उनके संगठन नाराज हैं।

जिले में हर साल पराली जलाने के दौरान होने वाली आगजनी से हजारों क्विंटल फसलें खेतों में ही जलकर राख हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में उन किसानों के आगे रोटी के भी संकट आ जाता हैं जिनकी उम्मीद उक्त फसल से टिकी होती है ऐसी स्थिति दोबारा निर्मित ना हो इस उद्देश्य से ही शायद कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले में पराली जलाने पर रोक लगाई हुई है जो सकारात्मक पहल मानी जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर क्षेत्र में पराली जलाने से रोकने का अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत किसानों को पराली ना जलाने की समझाइश दी गई थी इसके बावजूद उक्त किसानों ने पराली जलाकर वातावरण को प्रदूषित करने का काम किया है, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले किसानों को जुर्माना कर दंडित किया है, उधर किसान संगठन ओर किसान नेता तथा राजनीतिक दल अब प्रशासन द्वारा किए गए इस जुर्माने के खिलाफ़ भी विरोध में सुर गूंजने लगे हैं। किसान नेताओं का कहना है कि जब नगर पालिका सामूहिक रूप से शहर के घूरे को टचिंग ग्राउंड में जलाती है तो पूरा शहर और आसपास के गांव के ग्रामीणों धुंए के गुबार में डूब जाते हैं। यह धुंआ शायद पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाला दिखाई नहीं पड़ता है?, क्या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है कि वह टचिंग ग्राउंड में कचरा का निस्तारण जलने के बजाय दूसरे तरीके से करें जब टचिंग ग्राउंड में प्रशासन कचरे का निस्तारण जलाकर करने से नहीं रोक पा रहा है तो फिर किसानों को फसलों के अवशेष को जलाने से क्यों रोक रहा है।



### टचिंग ग्राउंड ही नहीं जगह जगह जल रहा कचरा

नगर पालिका कचरे का निस्तारण सिर्फ टचिंग ग्राउंड में ही जलकर नहीं कर रही है बल्कि सफाई कर्मचारी आए दिन विभिन्न बस्तियों में कचरा एकत्रित कर उसे टचिंग ग्राउंड में जला रहे हैं, ग्राउंड और बस्तियों में कचरा जलाने से वातावरण तेजी के साथ दूषित हो रहा है हालांकि टचिंग ग्राउंड में कचरा का निस्तारण जलाकर करने की मनाही है इसके बावजूद टचिंग ग्राउंड में कचरे का निस्तारण सिर्फ जलाकर किया जा रहा है।

### इनका कहना

नगर का पूरा कचरा टीपर वाहनों के माध्यम से अथवा ट्रैक्टर ट्राली से टचिंग ग्राउंड में भेजा जा रहा है जहां कचरे को दफनाने के निर्देश हैं। वार्डों में कहीं कोई कचरा जलने की शिकायत है तो वह निजी लोग जल रहे होंगे सफाई कर्मी कचरा नहीं जलाते हैं फिर भी मैं सुबह निरीक्षण कर देखूंगा जहां कचरा जल रहा होगा संबंधित को नोटिस दिया जाएगा।

**अरविंद पाराशर**
**स्वच्छता ऑफिसर नपा**

# इज्तिमाई शादी में 19 जोड़ों के निकाह, हुसैनी कमेटी का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶श्योपुर



रविवार को रामद्वारा मैरिज गार्डन में आयोजित हुई इज्तिमाई शादी में 19 जोड़ों के निकाह पढ़ाए गए। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में 4 जोड़ो के निकाह पूर्व में पढ़ाए जा चुके थे।

हुसैनी कमेटी के सदर एड जमील कुरैशी ने बताया कि कमेटी द्वारा 23 जोड़ों का पंजीयन किया गया था जिनमें चार जोड़ो के निकाह उनके परिवार की रजा मर्जी से उनके घरों पर पढ़वाए गए जिन्हें उपहार का सामान भी पूर्व में ही दे दिया गया था। सुबह 8:00 बजे बारात की आमद के साथ ही शादी समारोह शुरू हो गया। दूल्हा दुल्हन दोनों के आने के बाद शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी के नेतृत्व में निकाह पढ़ाया गए श्योपुर सवाई माधोपुर सहित विभिन्न शहरों से आए जोड़ों के निकाह इस शादी सम्मेलन में हुए। खास बात यह रही कि मुस्लिम समाज द्वारा बैंड बाजा डीजे पर जो प्रतिबंध लगाया गया है उसका पूरी तरह पालन किया गया ना तो कोई बारात में बैंड बाजा डीजे लेकर आया न ही किसी ने अपने घर पर बाजा बजाया। सादे समारोह में हुई शादी दोपहर 2:00 बजे तक चली 9:00 बजे से खाना शुरू हुआ जो विदाई के समय 2:00 बजे तक चला। इस दौरान विभिन्न राजनेताओं ने विवाह स्थल पर पहुंचकर वर वधुओं को आशीर्वाद दिया। शादी सम्मेलन के अध्यक्ष एडवोकेट जमील कुरैशी ने व्यवस्थाएं बनाने पर सजातीय बंधुओ का आभार जताया।


# गुना में संत सेन महाराज की 725वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

गुना जिले में संत श्री सैन जी महाराज की 725वीं जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर जिले भर में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। आरोन तहसील में भव्य चल समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने संत सैन जी महाराज की झांकी के साथ भक्ति भजनों में भाग लिया। समारोह के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। केश सिल्फी सैन समाज संगठन द्वारा गुना शहर में एक विशाल जुलूस निकाला गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। जुलूस में शामिल भक्तों ने संत सैन जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और प्रसाद वितरण किया। सकल सैन समाज ने हनुमान चौराहे पर जुलूस का भव्य स्वागत किया, जहां उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।


**खबर संक्षेप**

### शराब दुकान को लेकर पूर्व पार्षद ने पार्षद को घेरा



**शिवपुरी।** वार्ड क्रमांक 20 की शराब दुकान को लेकर वार्ड के पूर्व पार्षद ने वर्तमान पार्षद को सोशल मीडिया पर घेर लिया और तमाम तरह के आरोप लगा दिए यहा बताना होगा कि नीलगर चौराहे पर पिछले 50 वर्षो से एक ही स्थान पर अग्रेजी शराब की दुकान संचालित हो रही थी इस दुकान को लेकर वार्ड पार्षद विजय शर्मा और अन्य भाजपा नेता एवं वार्ड की जनता विरोध में आ गई और दुकान को हटाने की मांग करने लगी। इसके बाद प्रशासन ने कुछ दिनो का समय मांगा और शराब दुकान नीलगर चौराहे से हटकर गुरुद्धारा रोड पुरानी शिवपुरी वार्ड क्रमांक 20 में ही पहुंच गई। इसके बाद वार्ड क्रमांक 20 के पूर्व पार्षद गब्बर सिंह परिहार ने विजय शर्मा पर कई आरोप लगाए। परिहार ने विजय शर्मा को रिफूजी बताया। इसके साथ ही आईपीएल का सटोरिया बताया इतना ही नही शराब माफिया से लेन देन का आरोप भी लगाया। फिल हाल यह शराब दुकान पूरी तरह से विवादित बनी हुई है।

### शराब दुकान से रातभर बिक रही है शराब



**शिवपुरी।** शराब दुकान से रातभर शराब बिकने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है दुकान का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें रात के करीब 1 बजे दुकान की खिडक़ी से कुछ ग्राहक शराब खरीदते दिख रहे है बाबजूद इसके आबकारी विभाग के अधिकारी इस तरफ कोई ध्यान नही दे रहे है। नतीजा शराब दुकान पर नियमो की अनदेखी कर रातभर शराब बेची जा रही है।

### पोषण आहार के मामले कार्रवाई का इंतजार


**शिवपुरी।** अभी कुछ दिनो पहले पोषण आहार केन्द्र की सीईओ युक्ति शर्मा के खिलाफ उन्ही के विभाग की महिला कर्मचारियो ने धरना प्रदर्शन किया और सीईओ का चौराहे पर पुतला भी दहन किया। महिला कर्मचारियो ने धरने पर बैठकर सीईओ युक्ति शर्मा पर भ्रष्टाचार और नियम विरुद्ध पद पाने के आरोप लगाए थे। इस मामले में अभी तक कुछ भी नही हुआ है और मामला जस की तस बना हुआ है।

### भाजपा पछार मंडल की कार्य समिति घोषित

**अशोकनगर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी की सहमती से जिले के पछार मण्डल की कार्य समिति की घोषणा शुक्रवार देर रात की गई। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि पछार मंडल में अध्यक्ष सनत शर्मा, उपाध्यक्ष शिवराम यादव पथरिया, तुषार खेर, कपिल शर्मा, नरेन्द्र रघुवंशी तायड़े कॉलोनी, श्रीपाल यादव, महामंत्री परमवीर सिंह बोपाराय खड़ीचरा, धर्मेन्द्र वरया आवरी, मंत्री प्रीति संतोष रजक, डॉ संजय श्रीवास्तव, वीरभान यादव, श्रीमति ज्योति बलराम सेन, आशा पटवा, सुनीता-रविन्द्र धाकड, कोषाध्यक्ष रोहिता-नरेश देवलिया, सह कोषाध्यक्ष शैलू जैन, कार्यालय मंत्री गोलू यादव, सह कार्यालय मंत्री मुकेश प्रजापति, मीडिया प्रभारी विकास विश्वकर्मा, सह मीडिया प्रभारी आनन्द सेन, आईटी सेल प्रभारी अभिषेक शर्मा, सह आईटी सेल प्रभारी डॉ रामकुमार ओझा, सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक कोटिया, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप रघुवंशी, अभिषेक शर्मा, कृष्णा यादव को नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त मंडल कार्य समिति को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए निष्ठापूर्वक कार्य कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई है।

## पहले भी आरपीएफ का एक आरक्षक एक किशोरी की बचा चुका है जान

# ट्रेन से नीचे गिरी महिला, आरपीएफ के एएसआई ने बचाई महिला की जान





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

अशोक नगर रेलवे स्टेशन पर बीती रात एक महिला जब नागदा बीना ट्रेन से अशोकनगर स्टेशन पर उतर रही थी इस दौरान वह चलती ट्रेन के नीचे जाते-जाते बची। महिला चलती ट्रेन से नीचे उतरते समय उसका पैर प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में चला गया जिससे महिला प्लेटफार्म पर गिर गई मौके पर मौजूद आरपीएफ के ए.एस.आई सुरेश जोगेकर ने दौड़कर महिला को बचाया।

यह घटना रात 7:44 बजे की है यह ट्रेन नागदा से बीना की ओर आ रही थी। महिला गीताबाई पत्नी मिश्री लाल उम्र 60 वर्ष ब्यावरा गई थी ब्यावरा से वापस अशोकनगर इसी ट्रेन से लौट रही थी। जब यह ट्रेन अशोकनगर स्टेशन पर आई तब भीड़ अधिक थी ट्रेन में चढ़ने वाले पहले चल रहे थे और उतरने वाले नीचे नहीं उतर पा रहे थे तभी इस चलती ट्रेन से नीचे उतरने के प्रयास में यह घटना हुई। अच्छा यह हुआ कि आरपीएफ का ए.एस.आई मौके पर मौजूद था, जिसके कारण महिला की जान बच गई, इससे पहले भी आरापीएफ के आरक्षक द्वारा एक बालिका को ट्रेन के नीचे आने से बचाया गया था। जिसमें गोविंद सिंह चैहान द्वारा दौड़कर इस बालिका को प्लेटफार्म पर नीचे गिरते समय बाहर खींच लिया था जिसके कारण यह घटना नहीं हो पाई थी अशोकनगर स्टेशन पर अब तक इस तरह के हादसे होते रहते है।

#### स्टेशन पर यात्री अधिक और स्टॉपेज कम होने से हो रही हैं घटनाएं

वजह यह है अशोकनगर स्टेशन रेल यात्रियों से भरा हुआ रेलवे स्टेशन रहता है यहां बड़ी संख्या में यात्री जाते हैं और आते हैं ट्रेन का स्टॉपेज कम समय का है चढ़ने वाले डिब्बे में पहले चढ़ने लगते हैं भीड़ अधिक होने के कारण महिलाएं डिब्बे के अंदर से बाहर नहीं उतर पाती है और ट्रेन चल देती है। ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है इस घटना में भी ऐसा ही हुआ या तो ट्रेन का स्टॉपेज का समय बढ़ाया जाए या फिर स्टेशन पर इस टाइप का अनाउंस कराया जाए कि पहले जो भी यात्री उतर रहे हैं उनको उतारने दिन उसके बाद में बैठने वाले बैठे हैं यात्री उतर नहीं पाते और बैठने वाले बैठने लगते हैं ऐसे में चलती ट्रेन से उतरना रेल यात्री के लिए खतरनाक हो सकता है। इसी कारण यह घटना हुई है इस पर रेल विभाग को ध्यान देना चाहिए, आम यात्रियों के हित में इस तरह के कदम उठाने चाहिए ताकि इस तरह की घटनाएं फिर कभी न हो सके।

#### डबल रेल लाइन होने के कारण ट्रेनें समय पर आना शुरू

अशोकनगर शहर रेल पटरियों के दोनो ओर वसा है पटरियों के किनारे से शहर लगा है इस कारण शहर के लोग ट्रेन पकड़ने के लिए दो प्रकार से स्टेशन पर पहुंचते हैं एक तो वह यात्री जो समय से पहले पहुंच जाते हैं दूसर वह यात्री हैं जो समय होने पर स्टेशन पहुंचते है और तीसरे वह यात्री हैं जो मोबाइल पर ऑनलाईन ट्रेन देखते हैं उसके बाद स्टेशन पहुंचते हैं। जिससे समय पर न पहुंचने वाले यात्रियों को चली ट्रेन में बैठने का प्रयास करना पड़ता है जिससे यह घटनाएं हो जाती हैं अगर यात्री समय पर पहुंचे तो इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकता है। यहां भी उल्लेखनीय है कि इस खण्ड पर चलने वाली ट्रेनें अब समय पर आती हैं इसके दो कारण हैं एक तो कारण यह है कि यह खण्ड पहले सिंगल रेल लाईन का था अब डबल रेल लाईन का हो गया है दूसरी एक वजह यह है कि इस खण्ड का विधुतीकरण हो जाने के कारण ट्रेनें स्पीड से भी चलने लगी हैं। ऐसी स्थिति में यात्रियों को अपनी सुरक्षा के प्रयास करना चाहिए। चलती ट्रेन में बैठना और उतरना दोनो ही यात्रीयों को घातक हो सकते हैं।

#### प्लेटफार्म नं. 3 के बाहर टिकट विंडो नहीं, पटरी पार कर टिकट खरीदने आते हैं लोग

अशोकनगर स्टेशन पर एक विंसगति यह भी है कि अगर आपको प्लेटफार्म न 3 के बाहर से स्टेशन पर आना है तो आपको पुल से ही आना पड़ेगा पुल से आने के बाद प्लेटफार्म न 01 से पहले टिकट खरदीना पड़ेगा फिर वापिस प्लेटफार्म न 3 पर आकर ट्रेन पकड़ना पड़ेगी। क्योंकि रेल्वे स्टेशन के दूसरी साइड टिकट खि डकी की कोई व्यस्वस्था नहीं है अगर टिकट खरीदना है तो पहले मुख्य प्लेटफार्म पर आओ और बीना की तरफ ट्रेन पकड़ना है तो प्लेटफार्म 2 और 3 पर जाओ। इस तरह की घटनाओं के लिए स्वयं रेल विभाग जिम्मेदार है यात्री हड़वडी में सामान अधिका होने और साथ में महिला यात्री और बच्चें होने के कारण जब तक यह व्यवस्था जुटाता है तब तक ट्रेन आ जाती है। इस कारण इस तरह की घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है ऐसी स्थिति में प्लेटफार्म न 3 के आगे एक प्लेटफार्म और बनाए जाना चाहिए ताकि प्लेटफार्म पर खड़े होकर यात्री ट्रेन में बैठ सके और वहीं टिकट काउंटर की व्यवस्था होनी चाहिए। इन दिनों रेल यात्री पटरियां पार करके प्लेटफार्म पर आ जा रहे हैं वैशाखी के मेले में भी ऐसा ही होते देखा गया तत्काल प्रभाव से यहां इस तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## बारीकी से जांच चल रही है

# शिक्षा विभाग के घोटाले पर अब तक नहीं हुई ठोस कार्रवाई




#### 1.4 करोड़ से ज्यादा का वित्तिय घोटाला सामने आया है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ 000**

खनियाधाना के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय ( बीईओ ऑफिस ) में करीब 1.4 करोड रुपये से ज्यादा का वित्तिय घोटाला सामने आया है अभी फिलहाल घोटाले की बारीकी से जांच चल रही है घोटाले की राशि बढ़ भी सकती है।

जांच में खुलासा हुआ है कि कार्यालय के कुछ कर्मचारियों ने संगठित तरीके से अपने परिजनों व परिचितों के खातों में सरकारी फंड से 1 करोड़ 4 लाख 42 हजार 7 सौ 63 रुपए की राशि ट्रांसफर कर दी। यह गड़बड़ी भोपाल स्थित कोषालय एवं लेखा कार्यालय की सतर्कता से उजागर हुई।

#### कलेक्टर ने की समिति गठित

*जैसे ही मामला उजागर हुआ, शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 सदस्यीय जांच समिति गठित की। जांच की जिम्मेदारी पिछोर एसडीएम शिवदयाल सिंह धाकड़ को सौंपी गई है। एसडीएम ने बताया कि अभी जांच प्रारंभिक चरण में है, लेकिन दो सूचियां प्राप्त हुई हैं—एक में 40 लाभार्थी और दूसरी में 20 स्थाई कर्मचारियों के नाम शामिल हैं। सभी के भुगतान बिलों की बारीकी से मिलान किया जा रहा है। 2018-19 से लेकर 2024-25 तक की अवधि के वेतन, मानदेय और एरियर भुगतान की फाइलों में हेराफेरी की आशंका जताई जा रही है।*

*इस दौरान नियमों को ताक पर रखकर कपटपूर्ण तरीके से राशि वितरित की गई। जांच में दोष सिद्ध होने पर संबंधितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।*

### पीडब्ल्यूडी में भी हुआ था 7 करोड रुपए का घोटाला



**शिवपुरी।** पिछले दिनो पीडब्ल्यूडी में 7 करोड रुपये का घोटाला सामने आया था इस मामले में अभी तक पुलिस प्राथमिकी दर्ज हुई है और विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर गौरव श्रीवास्तव को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है इसके बाद यह मामला जस की तस बना हुआ है इस मामले में अभी आगे और कुछ भी नही हुआ है इसके बाद शिक्षा विभाग में भी 1 करोड़ 4 लाख रुपये का घोटाला सामने आया है इस मामले में भी प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्यवाही अभी तक सामने नही आई है।

## सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

# जिला अध्यक्ष व विधायक महेंद्र ने दिया नव जोड़ों को आशीर्वाद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी**



शुक्रवार को जिले के कोलारस में कृष्णा मैरिज गार्डन में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नवीन 8 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। सर्वजाती सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजक और भाजपा अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ वीर सिंह सगर ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को सम्मेलन में नवीन 8 जोड़े वर वधु को विभिन्न घरेलू सामग्री और उपहार भेंट किए गए तथा हिंदू रीति रिवाज विधि विधान से नवीन 8 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया और उन्हें संकल्प दिलाया की यह जीवन भर साथ रहेंगे और एक नये जीवन की शुरुआत करेंगें। सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, कोलारस के विधायक महेंद्र सिंह यादव द्वारा नवीन 8 जोड़ों को उपहार भेंट किए गए तथा उन्हे आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे, वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल सिंह पाल, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चीमा, अमित यादव, श्री राम गोड, जसवंत पाल, बलवीर निबोरिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## एसडीओपी ने किया पिछोर थाने का निरीक्षण

# बल को चेक करने के बाद मुस्तैदी से गस्त करने के लिए निर्देशित किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी**



शिवपुरी। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के निर्देशन में शनिवार को पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने पिछोर थाने का निरीक्षण किया। एसडीओपी ने रात्री गस्त मे लगे समस्त बल को चेक किया एवं मुस्तेदी के साथ गस्त करने हेतु निर्देशित किया। थाना पर उपस्थित बल के साथ थाने का भ्रमण किया साफ-सफाई अच्छी पाई गई। थाना की हवालात चेक किया कोई आरोपी नहीं पाया गया न ही कोई व्यक्ति थाना पर बैठा पाया गया ।

थाना के महत्वपूर्ण रजिस्टर अपराध, मर्ग, गुम इन्सान, माइक्रो बीट, मेडीकल, गुण्डा, निगरानी रजिस्टर चेक किया। थाना पर लम्बित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इन्सान के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए एवं लम्बित गिरफ्तारी वारंट, स्थाई वारंट तामील कराने के निर्देश दिए गए । थाना पर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त आदेश निर्देशो का पालन कराने का बताया गया । रात्रि गश्त अधिकारी को ठीक ढंग से गस्त करने का निर्देश दिया गया । सीसीटीएनएस सिस्टम चेक किया गया, सारे ऐप सक्रिय पाये गए एवं निरीक्षण रिपोर्ट दर्ज करवाई गई

# गोवंश की प्यास बुझाने रखवाई पानी की टंकी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**



गर्मी मे मवेशीयो को पेयजल की समस्या न हो इसके लिए गौसेवकों द्वारा पानी की टंकी रखवाई जा रही है। राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद सदस्य चंद्रपाल राजपूत रामपुरा ने बताया कि जिले मे गर्मी के आते हीं आम लोगो से लेकर पशु-पक्षियों तक पर पेयजल का संकट मंडराने लगा है। इंसान तो कहीं भी जाकर पानी पी सकता है खरीद कर पी सकता है, लेकिन बेजुवान जीव कहां जाएंगे। इसलिए कई वर्षो से इन बेजुबानो जीवो को पानी पीने के लिए टंकी की व्यवस्था कर रहे है। साथ यह भी सुनिश्चित कर रहे है कि इन टंकियों मे नियमित रूप से साफ पानी भरा जाये जिससे गायों को प्यास से भटकने के लिए मजबूर न होना पड़े। अभि तक पांच प्रमुख जगहों पर टंकिया रखवा दी गईं हैं जिनमें नहर कालोनी, मंडी, रामपुरा, त्रिलोकपुरी कालोनी और पक्षियों के लिए सकोरा रखवाएंगे।

## महाराष्ट्र में जैन मंदिर तोड़े जाने और आतंकी हमले को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली**




मुंबई स्थित एक प्राचीन जैन मंदिर को 16 अप्रैल 2025 को मुंबई महानगरपालिका द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से यह मंदिर जैन श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र था।

मंदिर तोड़े जाने की इस कार्रवाई से जैन समाज में गहरा रोष व्याप्त है। समाज का आरोप है कि किसी निजी होटल समूह के स्वार्थ के चलते महानगरपालिका पर दबाव बनाकर यह कार्यवाही करवाई गई है, जिसे अत्यंत निंदनीय बताया गया है। जैन समाज का कहना है कि मंदिर को अवैध निर्माण बताकर जो तर्क दिए जा रहे हैं, वे अस्वीकार्य हैं।उन्होंने मंदिर के पुनर्निर्माण की मांग करते हुए संबंधित अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है। इसी संदर्भ में दिगंबर जैन समाज पंचायत समिति के तत्वावधान में सर्व समाज द्वारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नाम ज्ञापन सौंपा गया ।

## एमपी हो या यूपी सडक़ हादसो में घायल गो माता की सूचना मिलते ही पहुंच जाते है

# 20 वर्षो से दिनारा व आसपास में कल्लू महाराज कर रहे गो सेवा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा**



एमपी हो या फिर यूपी सडक़ एक्सीडेंट में घायल गो माता की सूचना मिलने पर तुरंत ही पहुंच जाते गो सेवक कल्लू महाराज और घायल गो माता को अपने निजी गोशाला लाकर अपने स्वयं के खर्चे से कराते हैं उपचार चारा एवं भूसा की व्यवस्था भी स्वयं करते हैं। गो माता को हिंदू धर्म में भगवान का अवतार माना जाता है विशेष कर देवी कामधेनु के रूप में यह मान्यता कि गो माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है गो लोक में गो माता को सुरभि कहा गया है जिसे भगवान श्री कृष्ण ने अपने शरीर के बांऐ हिस से उत्पन्न किया था एवं आज के युग में अपने भारत देश में कई गो सेवक गो सेवा कर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं। शिवपुरी जिले की दिनारा ग्राम पंचायत की दिनारा निवासी गो सेवक कल्लू महाराज लगभग 20 वर्षो से 24 घंटे गो सेवा के लिए तैनात रहते हैं अभी बीते रोज उत्तर प्रदेश के रामगढ़ ग्राम में किसी अज्ञात वाहन ने एक गो माता का एक्सीडेंट कर दिया था जिसे काफी चोट आई थी और वह चलने में असमर्थ थी जैसे ही गो सेवक कल्लू महाराज को जानकारी लगी तो वह स्वयं 500 का किराए का लोडिंग ले गए और घायल गो माता को लेकर आए अपने निजी गोशाला में रखा और उसका उपचार एवं देखरेख गो सेवक के द्वारा जारी है ऐसा एक ही मामला नहीं कई ऐसे मामले सामने आते हैं जो किसी कारण गो माता कुआं एवं गहरे गड्ढे में गिर जाती हैं जिसकी सूचना मिलते ही गो सेवक मौके पर पहुंचते हैं और तुरंत ही निकलवा कर अपनी निजी गोशाला पर लाकर उनका उपचार कराया जाता है एवं झांसी शिवपुरी फोर लाइन पर अधिकतर रात्रि के समय अज्ञात वाहनों द्वारा कई बार गो माता को एक्सीडेंट कर दिया जाता है जिसकी सूचना मिलते ही वहां परगो सेवक पहुंचते हैं और घायल गाय माता का उपचार वह अपने स्वयं के पैसों से करते हैं उन्होंने अपनी एक स्वयं की निजी गोशाला बना रखी है जिसमें कभी भी जाकर देखा जा सकता है 10 से 15 गो माता घायल अवस्था में पड़ी मिलेगी आपको जिसका उपचार सहित खाने पीने की व्यवस्था स्वयंगो सेवक कल्लू महाराज के द्वारा किया जा रहा है यहगो सेवा कल्लू महाराज के द्वारा बीते कई वर्षों से अनवरत रूप से चल रही है जिसमें किसी का कोई चंदा भी नहीं है वह स्वयं के पैसों से यह धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वह स्वयं बताते हैं मेरे जीवन का मुख्य उदेश्य गो सेवा करना और मैं जीवन की आखिरी सांस तक गो सेवा करता रहूगा क्योंकि इस कलयुग मेंगो सेवा करने से बड़ा कोई धर्म है क्योंकि बताया गया है धर्म ग्रंथो में जो गो सेवा करते समय या गो सेवा के सम्मुख प्राण छोड़ता है वह हर व्यक्ति मुक्ति को प्राप्त करता है एवं अंतिम समय में जो राम नाम लेने का जो फल है वही गो माता के स्पर्श का है।